हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 225 देहरादून, मंगलवार, 28 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने की बैठक

3

# सीएम धामी ने की जनपद पौडी.के मण्डल स्तरीय कार्यालयों के संचालन एवं पौड़ी के सर्वांगीण विकास के सबंध में समीक्षा बैठक







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। पौड़ी के मण्डल कार्यालयों को सशक्त बनाने के लिए मण्डल स्तरीय अधिकारी नियमित मण्डलीय कार्यालयों में बैठें। मण्डलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र भी मण्डल कार्यालयों में बैठने का अपना पूरा रोस्टर जारी करें। जिससे जन समस्याओं का समाधान मण्डल स्तर पर भी हो सके। जिन मण्डलीय अधिकारियों को विभागीय निदेशालयों में भी अतिरिक्त प्रभार दिये गये हैं, यदि अति आवश्यक न हो तो उन्हें सिर्फ मण्डलीय कार्यालय में ही तैनात किया जाए। मण्डल मुख्यालय में संचालित विभागीय कार्यालयों में कार्यरत अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अन्यत्र सम्बद्ध न किया जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री ने सचिवालय में जनपद पौडी. के मण्डलीय मुख्यालय में मण्डल स्तरीय कार्यालयों के संचालन एवं पौड़ी के सर्वांगीण विकास के सबंध में समीक्षा बैठक के दौरान दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डल कार्यालयों को सशक्त बनाना जरूरी है, यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकांश जन समस्याओं का समाधान मण्डल स्तर तक अवश्य हो जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के सफल संचालन की गढ़वाल मण्डल के अधिकारियों पर बड़ी जिम्मेदारी है। चारधाम यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से हों इसकी भी मण्डलायुक्त द्वारा नियमित समीक्षा की जाए। तकनीकि विभागों के अधिकारियों जिनका कार्यक्षेत्र गढ़वाल मण्डल है, उन्हें नियमित मण्डल मुख्यालय में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा पर जो श्रद्धालु आते हैं, उनको चारधामों के अलावा इसके आस-पास के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन आधारित क्षेत्रों की भी जानकारी दी जाए। प्रमुख स्थलों को और विकसित किया जाए। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा के बाद कुमाऊँ मण्डल के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाए, ताकि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड का पूरा भ्रमण कर सकें। सडक़ कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पौड़ी को निर्देश दिये कि जनपद के विकास के लिए जनपद स्तर पर जो कार्ययोजना बनाई गई है, इस कार्ययोजना पर तेजी से कार्य हो इसके लिए शासन स्तर पर संबंधित विभागीय सचिवों से सम्पर्क में रहकर जनपद में कार्य तेजी से किये जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास के लिए जो कार्ययोजना बनाई गई है इसमें धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, विभिन्न क्षेत्रों की कनेक्टिविटी एवं लोगों के आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से अच्छी कार्ययोजना बनाई गई है। पौड़ी को हवाई कनेक्टिविटी से जोडऩे की योजना भी बनाई जाए।

जिलाधिकारी पौड़ी आशीष चौहान ने वर्चुअल माध्यम से पौड़ी जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार की गई योजना का विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि प्रेमनगर, गडोली, बुआखाल बाईपास बनना जरूरी है, इसके बनने से जाम की समस्या का समाधान होगा और चारधाम यात्रा के लिए कोटद्वार की साइड से जाने में भी श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। ज्वालपा देवी- गडोली, सतपुलि-दुगड्डा एवं गडोली पाबो के बीच टनल बन जायेगा तो इससे लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पौड़ी में बस डिपो के लिए दो स्थानों का चयन किया गया गया है। जिलाधिकारी पौड़ी ने कहा कि कोटद्वार तहसील में मल्टीस्टोरी प्लाजा के लिए काफी जगह है, इसमें तहसील के अलावा मल्टीस्टोरी बिल्डिंग एवं पार्किंग की अच्छी व्यवस्था हो सकती है। जिलाधिकारी पौड़ी ने कहा कि रांसी स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप हाई अल्टीट्यूड स्पोट्र्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के रूप में विकसित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। पौड़ी में माउण्टेन म्यूजियम का प्रस्ताव भी रखा गया है। ल्वाली एवं सतपुली लेक में वाटर स्पोट्र्स की अच्छी संभावनाएं हैं, इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। कोडियाला एवं देवप्रयाग में रिवर राफ्टिंग को बढ़ावा दिया जायेगा। लैंसडाउन में 4.5 लाख लीटर के वाटर टेंक बनाने की आवश्यकता है।

बैठक में विधायक रेनू बिष्ट, राजकुमार पोरी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव आनन्द बद्र्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, बी.वी.आर.सी पुरुषोत्तम, अरविन्द सिंह ह्यांकी, एच.सी. सेमवाल, गढ़वाल कमिश्नर सुशील कुमार, अपर सचिव विनीत कुमार, उदयराज, जगदीश चन्द्र काण्डपाल एवं सबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने की राजस्व प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक राजस्व प्राप्ति के प्रयास किये जाएं। विभिन्न विभागों एवं राजस्व बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस का भी गहनता से अध्ययन किया जाए। जिन विभागों का लक्ष्य के हिसाब से राजस्व प्राप्ति कम है, इसके कारणों का गहनता से अध्ययन किया जाए, जहां पॉलिसी में सुधार की आवश्यकता है, वो करवाई जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राजस्व प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए अप्रैल में राजस्व लक्ष्य प्राप्ति के सबंध में बैठक की जायेगी। जिसमें सभी विभाग लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी पूरी योजना बतायेंगे। जिन विभागों का अभी लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति कम है, मुख्यमंत्री ने उन विभागों के सचिवों को निर्देश दिये कि इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक इसको अधिक से अधिक बढ़ाने के प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ऊर्जा, खनन एवं वन विभाग में राजस्व प्राप्ति बढ़ाने के लिए विभागों को विशेष प्रयासों की जरूरत है। विभागीय सचिव राजस्व बढ़ाने के लिए इसकी नियमित समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने के लिए विभागों को ऑनलाईन सिस्टम पर अधिक ध्यान देना होगा। ऑनलाईन व्यवस्थाओं से जहां सबको कार्य करने में सुविधा होती है, वहीं सिस्टम पारदर्शी भी होता है। आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर अधिक ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में कठिनाई आ रही है, इन समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय सचिवों को ही रास्ता निकालना है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए जब पूरा विश्लेषण होता है तो उसका समाधान अवश्य निकलता है। बैठक में जानकारी दी गई कि राजस्व प्राप्ति के मुख्य स्रोत में एसजीएसटी, नोन-जीएसटी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन फीस,परिवहन, स्टेट एक्साइज ड्यूटी में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति की स्थिति अच्छी है। ऊर्जा, वन एवं खनन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति में और प्रयासों की जरूरत है। बैठक में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव आनन्द बद्र्धन, प्रमुख सचिव आर के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, दिलीप जावलकर, अरविन्द सिंह ह्यांकी, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, एच.सी. सेमवाल, बृजेश कुमार संत, प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार सिंघल, अपर सचिव गण एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# उत्तराखण्ड की दो महिला सरपंचों को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए चयनित होने पर मुख्यमंत्री धामी ने दी बधाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जिले की सुश्री कविता देवी तथा देहरादून जिले की सुश्री निकिता चौहान को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे राज्य की महिला सरपंचों को यह सम्मान मिलना प्रदेशवासियों विशेषकर यहाँ की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मान उत्तराखण्ड में जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व के असाधारण योगदान का सम्मान है। यह सम्मान उन सभी लोगों को प्रेरित करेगा जो अपने गांवों को स्वच्छ बनाने तथा गांवों में जल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। गांवों को स्वच्छ बनाने, ओडीएफ प्लस मॉडल गांवो के निर्माण, हर घर जल मिशन व जल संरक्षण में ग्राम प्रधानों एवं सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तराखण्ड में महिला ग्राम प्रधान, महिला सरपंच, महिला स्वच्छाग्रही, महिला स्वयं सहायता समूह, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री बहनें धरातल स्तर पर अपनी प्रभावी नेतृत्व क्षमता और कुशल प्रबन्धन के माध्यम से राज्य के विकास में असाधारण योगदान दे रही हैं।



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के तहत 04 मार्च से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जाएगा। इस वर्ष उत्तराखण्ड की दो महिलाओं का चयन भी स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए हुआ है। 04 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू तथा केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत इन्हें सम्मानित करेंगे। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जनपद बागेश्वर से सरपंच सुश्री कविता देवी तथा देहरादून जिले से सरपंच सुश्री निकिता चौहान को अपने गांवो को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) प्लस मॉडल बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य तथा असाधारण योगदान देने हेतु स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 के लिए चयनित किया गया है।

# प्रभारी मंत्री भी गांवों में जल्द चौपाल लगाएंगे : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रभारी मंत्री भी जल्द गांवों में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनेंगे। चौपाल और संवाद में जो सुझाव मिलेंगे सरकार उन पर आगे चलकर काम करेगी। सोमवार को सचिवालय में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि 25 दिसंबर से उन्होंने चौपाल का कार्यक्रम शुरू किया था। चंपावत, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी आदि जिलों में प्रवास कर गांवों में योजनाओं की हकीकत को भी परख रहे हैं।

इस दौरान गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं, ताकि यह पता चल सके को लोग अपने-अपने क्षेत्रों में किस तरह की योजनाओं को प्राथमिकता देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री भी जिलों में जल्द चौपाल का कार्यक्रम शुरू करेंगे। कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग ठीक से इसकी रूपरेखा बना रहा है। संगठन ने अपेक्षा की है कि सीएम, मंत्री और सांसद गांवों में प्रवास करेंगे, ताकि विकास योजनाओं में और तेजी लाई जा सके। सीएम धामी ने कहा कि वे राज्य के पार्टी सांसदों से चौपाल लगाने का आग्रह करेंगे।

विदित है कि पूर्व में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग ने सभी प्रभारी मंत्रियों के साथ ही मुख्य



सचिव से प्रवास कार्यक्रम शुरू करने की अपेक्षा जताई। सभी को ब्लाक के एक गांव में प्रवास करने को कहा गया था। अभी तक कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और धन सिंह रावत ने इस पहल की शुरूआत की है। महाराज तो अपने प्रवास की रिपोर्ट विभाग को सौंप चुके हैं।

डीजीपी को किया तलबः दून के गढ़ी कैंट के जैतूनवाला में अवैध खनन से भरे ट्रैक्टर सिपाही पर चढ़ाने के मामले को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने डीजीपी अशोक कुमार को तलब किया और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सीएम धामी ने कहा कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कारवाई के निर्देश दिए।

## हर साल आयोजित होगी पीसीएस परीक्षा, आयोग ने लिया फैसला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। लोक सेवा आयोग ने पीसीएस की परीक्षा अब हर साल कराने का फैसला लिया है। इस वर्ष यह परीक्षा जुलाई माह में प्रस्तावित की गई है। आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुई पीसीएस मुख्य परीक्षा 2021 के लिए शासन स्तर से 318 रिक्त पदों के सापेक्ष 2,56,935 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। इनमें प्रारंभिक परीक्षा के लिए 5636 अभ्यर्थी सफल हुए, लेकिन मुख्य परीक्षा में 4115 अभ्यर्थियों ने ही हिस्सा लिया। इस प्रकार 73.01 फीसदी उपस्थिति रही।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व पीसीएस परीक्षा 2016 में 138 पदों के लिए हुई मुख्य परीक्षा में 1912 के सापेक्ष 1458 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। जिनका उपस्थिति का आंकडा 76.25 फीसदी था। इससे प्रतीत होता है कि दो पीसीएस मुख्य परीक्षाओं के आयोजन के बीच पांच वर्ष से अधिक का समय लग जाता है लिहाजा, अब पीसीएस परीक्षा हर साल कराने का निर्णय लिया गया।

डा. राकेश ने बताया कि उत्तराखंड में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा जुलाई 2023 में प्रस्तावित की गई है। सरकार से भर्ती का प्रस्ताव मिलने की प्रत्याशा में इसे परीक्षा कैलेंडर वर्ष 2023 में शामिल कर लिया है। आयोग ने अब परीक्षा पाठ्यक्रम को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा के पैटर्न पर पाठ्यक्रम करने की मंजूरी भी दे दी है। इसकी संस्तुति शासन को भेज दी गई है। इससे उत्तराखंड के युवाओं को राज्य सिविल सेवा के साथ-साथ अखिल भारतीय सिविल सेवा की तैयारी करने में भी महत्वपूर्ण मदद मिल सकेगी।

अप्रैल माह तक होंगी चार भर्ती परीक्षाएं

डा. राकेश कुमार ने बताया कि आयोग ने अन्य परीक्षाओं को सुनिश्चित वक्त पर करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पांच मार्च को कनिष्ठ सहायक परीक्षा 412 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इसमें 1,45, 239 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, नौ अप्रैल को वन आरक्षी पदों के लिए 617 केंद्र बनाए हैं, जिसमें 2,06, 431 परीक्षार्थियों ने आवेदन किए हैं। इसी तरह 23 अप्रैल को सहायक लेखाकार परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड न्यायिक सेवा (सिविल जज) परीक्षा 30 अप्रैल को प्रस्तावित की गई है।

## स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज राष्ट्रवादी, स्वतंत्रता सेनानी और विलक्षण व्यक्तित्व के धनी चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि चन्द्रशेखर भारतमाता के अद्भुत लाल थे जिन्होंने स्वंय को आजाद नाम दिया, अपने पिता का नाम स्वतंत्रता और अपना पता जेल को बताया। उन्होंने भारतमाता की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि चन्द्रशेखर आज़ाद सुसंगठित शक्तिशाली व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक महान युवा क्रांतिकारी थे जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आजाद, भारत के एक ऐसे वीर सपूत थे जिन्होनें अपनी बहादुरी और साहस की कहानी खुद लिखी है। उन्होंने देशवासियों को आजादी के प्रति जागरूक करते हुये कहा था कि हमारी भारत माता की इस दुर्दशा को देखकर यदि अभी तक आपके रक्त में उबाल नहीं आता है, तो आपकी रगों में खून नहीं बहता है बल्कि यह तो बस पानी है।

# मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा कार्यालय घेरने जा रहे आप कार्यकर्ता गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया अधिक जानकारी देते हुए गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने बताया कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता आज धर्मपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में एकत्रित हुए और उन्होंने वहां जोरदार नारेबाजी की इसके बाद उन्होंने वहां से चलकर भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आर पी रतूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सीबीआई ,ईडी और जेल से डरने वाले नहीं हैं पार्टी आंदोलन से निकली है और जनहित में आंदोलन करती रहेगी। इस मौके पर पार्टी उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी करवा कर अपना तानाशाही चेहरा जनता के सामने रख दिया है अब जनता ही उनको जवाब देगी।

गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने



कहा कि हमें भारतीय संविधान और भारतीय कानून व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास है निश्चित तौर पर मनीष सिसोदिया जल्द ही हम सबके बीच होंगे क्योंकि सीबीआई के पास कोई भी तथ्य और आधार नहीं है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विपिन खन्ना ,कमलेश रमन ने भी अपने विचार रखे इस दौरान पार्टी सह समन्वयक डी के पाल ,युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नितिन जोशी, अल्पसंख्यक मोर्चे की उपाध्यक्ष रेहाना परवीन, सुरेंद्र सिंह बिंद्रा, सुशील सैनी ,विपिन नेगी, सीपी सिंह, कासिम चौधरी, सुशांत थापा, अब्दुल रहमान, सब्लू सुधा पटवाल महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### आल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिपः डीआईजी निवेदिता ने जीता कांस्य

देहरादून। चंडीगढ़ में चल रही अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप में डीआईजी निवेदिता कुकरेती ने कांस्य पदक जीता है। वहीं डीआईजी निवेदिता और एसपी देहात देहरादून कमलेश उपाध्याय की जोड़ी ने महिला डबल्स मुकाबले में सिलवर मैडल जीता है। सोमवार को दोनों ने दून पहुंचकर पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अशोक कुमार से मुलाकात की। इस दौरान डीजीपी ने शुभकामनाएं देते हुये भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक लाने के लिए प्रेरित किया।

### 1 मार्च से शुरू होगा ऋषिकेश में योग महोत्सव

देहरादून। ऋषिकेश में एक मार्च से शुरू हो रहे योग महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। महोत्सव के दौरान योग की बारीकियों को सीखने के साथ ही योग साधक नृत्य, संगीत और योग के विभिन्न आयामों पर चर्चा भी कर सकेंगे। इसके अलावा सात दिवसीय इस महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। योग मार्च का शुभारंभ एक मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही गंगा आरती भी आयोजित होगी। इस इस अवसर पर योगाचार्य पद्मश्री शिवानंद, पद्मश्री भारत भूषण, पद्मश्री रजनीकांत के साथ ही ईशा फाउंडेशन, आर्ट ऑफ लिविंग, रमामणि अयंगर स्मृति योग संस्थान, कैवल्यधाम, कृष्णमाचार्य योग मंदिरम और शिवानंद योगा स्कूल के प्रशिक्षकों की मौजूदगी में साधक योग की बारीकियों को सीखेंगे। इस अवसर पर ड्रोन शो का भी आयोजन होगा।

### भाजयुमो ने तीन मंडलों में निकाली बाइक रैली

देहरादून। नकल विरोधी कानून को लेकर भाजयुमो की सीएम को धन्यवाद रैली सोमवार को तपोवन, धर्मपुर नगर, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मंडल में आयोजित की गई। साथ ही तमाम मंडलों की इन रैलियों का समापन भी हो गया है। तपोवन मंडल में युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक गुसाईं, युवा मोर्चा महानगर प्रभारी एवं महानगर मंत्री संकेत नौटियाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट, महानगर उपाध्यक्ष संतोष सेमवाल, मंत्री देवेन्द्र पाल सिंह मोंटी, मंडल अध्यक्ष संजीव मल्होत्रा, पार्षद नीतू वाल्मिकि के नेतृत्व में रैली निकाली गई। धर्मपुर नगर मंडल में धर्मपुर विधायक विनोद चमोली ने रैली को झंडी दिखाई। युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज खत्री, युवा मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट, धर्मपुर नगर मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा मौजूद रहे। वीरचंद सिंह गढ़वाली मंडल में रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने रैली को झंडी दिखाई। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नितिन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश बडोनी, पारस गोयल, राजेश बडोनी, आशीष शर्मा मौजूद रहे।

### आरपीआई अठावले ने किए टिहरी व चमोली के जिलाध्यक्ष घोषित

देहरादून। रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया- अठावले ने सोमवार को टिहरी व चमोली जिलों के लिए अपने जिलाध्यक्ष घोषित कर दिए। एक स्थानीय होटल में बैठक के दौरान इनकी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली प्रश्न के घेरे में है। भर्ती घपलों से लेकर बैक डोर एंट्री तक से युवा सरकार से काफी नाराज हैं। उन्होंने बताया कि टिहरी के लिए विनोद सिंह भंडारी और रुद्रप्रयाग के लिए हरीश पटवाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में पार्टी की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, राम सिंह, हरिद्वार जिलाध्यक्ष अंकित कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सिंह, टिकू राजा प्रचार मंत्री, युवा प्रदेश सचिव सन्दीप कुमार, जोनी कुमार आदि मौजूद रहे। चंद्रशेखर आज़ाद के हृदय में कम उम्र से ही देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी थी। भारत की आजादी में इस युवा क्रांतिकारी का अहम योगदान है। जब भी स्वतंत्रता संग्राम और क्रांतिकारियों का जिक्र होता है तो चंद्र शेखर आजाद का नाम सबसे पहले लिया जाता है। वे भारत के युवा स्वतंत्रता सेनानी थे जो कहते थे कि ₹मैं जीवन की अंतिम सांस तक देश के लिए शत्रु से लड़ता रहूंगा।₹ यह युवा क्रांतिकारी अपनी आखिरी सांस तक आजाद ही रहे और युवाओं को संदेश दे गये कि ₹अभी भी जिसका खून ना खौला, वो खून नहीं पानी है जो देश के काम ना आए, वो बेकार जवानी है।₹ स्वामी जी ने कहा कि वर्तमान समय में हमारी धरती को प्रदूषण से मुक्त करने की जरूरत है क्योंकि हमारे जल स्रोत, नदियां आदि सब प्रदूषित हो रहे हैं। वास्तव में देखे तो जल, वायु, धरती और आकाश आदि की हमें जरूरत है हमारी धरती माता को नहीं। हमारे बिना वे सब स्वच्छ और स्वस्थ रहते हैं परन्तु बिना उनके हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। आज भी हमारे पास अवसर है इसका लाभ उठायें, खुद जागें और दूसरों को भी जगायें ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी मानवतायुक्त, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। आईये महापुरूषों के बताये संदेशों का अनुपालन करें तथा पेड़-पौधों से अपनी धरती को सजायें और देश व धरा की सेवा का दीप जलाये।' आज इस महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि व नमन।

### डीएवी की आकृति बिष्ट का राष्ट्रीय युवा संसद हेतु चयन

देहरादून। डीएवी पीजी कालेज की एमए प्रथम वर्ष की छात्रा आकृति बिष्ट का चयन राष्ट्रीय युवा संसद के लिए हुआ है। नेहरू युवा केंद्र संगठन ने 27 जनवरी को जिला स्तर पर और सात फरवरी को राज्य स्तर पर राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के लिए प्रतियोगिता करवाई थी। जिसमें उत्तराखंड के 13 जिले से लगभग 80 प्रतिभागी चयनित हुए थे। इनमें से तीन का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। इसमें आकृति बिष्ट भी शामिल है। वो अन्य दो प्रतिभागियों के साथ एक व दो मार्च को संसद भवन नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा संसद में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। आकृति के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केआर जैन तथा शिक्षक डॉ. रवि शरण दिक्षित ने उनको बधाई और शुभकामनाएं दी।

### टीम यमुनोत्री ने आठ रन से जीता क्रिकेट मुकाबला

देहरादून। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन देहरादून यूनिट की ओर से होली के उपलक्ष्य में आयोजित क्रिकेट मैच में टीम यमुनोत्री ने टीम केदार को आठ रन से हराया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में बैंक की ओर से आयोजित होली मिलन कार्यक्रम का अंचल प्रबंधक माननीय संजय कांडपाल, उप अंचल प्रबंधक सुनील सखूजा ने शुभारंभ किया। इस दौरान तीन क्रिकेट मैच खेले गए। फाइनल मैच में यमुनोत्री टीम ने जीत दर्ज की। नेहा नेगी और सुमन राणा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सुंदर प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किए। बच्चों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं हिस्सा लिया। होली मिलन में सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली के गीत गाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। देहरादून मंडल के सचिव इन्द्र सिंह रावत ने अतिथियों और सदस्यों का स्वागत जताया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश का 72 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र होने के कारण ईको टूरिज्म की अत्यधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा वन क्षेत्र में विभिन्न ऐसी गतिविधियां हैं जो रोजगार सृजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय और जनपद स्तरीय समितियों का गठन किया जा रहा है। समिति में निजी क्षेत्र की भागीदारी से अधिक अच्छे सुझाव आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में वन विभाग और वन क्षेत्र से बाहर वन से लगे क्षेत्रों में पर्यटन विभाग विभिन्न ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।

मुख्य सचिव ने वन क्षेत्र में बंबू हाउसेज, साइक्लिंग ट्रेल, ईको हट्स और ट्री हाउसेज के लिए अत्यधिक संभावनाएं हैं। ये गतिविधियां रोजगार सृजन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बायो डायवर्सिटी पार्क और बर्ड वॉचिंग के लिए स्थान चिन्हित कर प्रस्तुत तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेस्टिनेशन डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाना चाहिए। यह इंडिविजुअल प्रोडक्ट भी हो सकता है और किसी सर्किट के रूप में भी। मुख्य सचिव ने प्रत्येक जनपद को ईको टूरिज्म कंसल्टेंट उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि इससे स्थान विशिष्ट योजना बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी जनपदों से जनपदवार प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिए। कहा कि कौन जनपद क्या कर रहा है इसकी जनपदवार रैंकिंग भी की जाएगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस क्षेत्र में आयुष एवं हर्बल पार्क में भी अत्यधिक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को विभिन्न प्रकार के अनुभव एक जगह पर देने की आवश्यकता है। जनपद अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराएं, जिनका समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रखरखाव हेतु फंड की व्यवस्था की कमी के कारण विभिन्न योजनाएं बीच में बंद हो जाती हैं, ऐसी स्थिति से बचने के लिए इन योजनाओं के रखरखाव की दिशा में भी सिस्टम विकसित किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) विनोद कुमार, सचिव सचिन कुर्वे, बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं विजय कुमार यादव सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।




# जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में हुए जनसुनवाई कार्यक्रम में 92 शिकायत प्राप्त

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज जनसुनवाई में 92 शिकायत प्राप्त हुई कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतों में अधिकतर प्रकरण भूमि विवाद सम्बन्धी प्राप्त हुए इसके अतिरिक्त, सडक़ निर्माण, वृद्वावस्था पेंशन, धोखाधड़ी, विद्युत, एमडीडीए नक्शा दिलवाने, पानी की निकासी, बच्चा गोद लेने की अनुमति, दून चिकित्सालय के बाहर अतिक्रमण, गन्ना तोल में अनियमितताएं, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, सेवायोजित करने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी फ्राड कर भूमि विक्रय करने वालो पर गैंगस्टर की कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी सोनिका ने उप जिलाधिकारी विकासनगर को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में जो भी प्रकरण भूमि सम्बन्धी प्रेषित किये जा रहे हैं अब तक की गई कार्यवाही की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ज्ञातब्य है कि विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत भूमि विवाद सम्बन्धी अधिक प्रकरण जनसुनवाई में प्राप्त हो रहे है। इसके अतिरिक्त विकासनगर में छरबा में गोर्खाबस्ती में ग्राम समाज भी भूमि पर अवैध कब्जा तथा अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर एवं एमडीडीए के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत पड़ोसियों में भूमि विवाद सम्बन्धी प्रकरण पर तहसीलदार सदर एवं एमडीडीए के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। आय प्रमाण पत्र न बनने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर एवं ई-डिसट्रिक्ट मैनेजर को कार्यवाही करते हुए अवगत कराने के निर्देश दिए। कालसी में सडक़ो के गडड़ो की शिकायत पर लोनिवि को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जौलीग्रान्ट में इलैक्ट्रिक बस सेवा शुरू किये जाने की शिकायत पर आरटीओं को निर्देश दिए। इसी प्रकार वृद्धावस्था पेंशन के लगवाने तथा व्हील चेयर उपलब्ध कराने की शिकायत पर समाज कल्याण अधिकारी को कार्यवाही करते हुए अवगत कराने को निर्देशित किया। कालसी में पीएमजीएसवाई अन्तर्गत खारसी-खाटवा मोटरमार्ग मलबा सफाई एवं गड्डे भरान की मांग पर अधीक्षण अभियन्ता पीएमजीएसवाई को कार्यवाही करने तथा उप जिलाधिकारी चकराता को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। प्रवेश कुमारी सौड़ा सरोली ने एमडीडीए द्वारा अनावश्यक परेशान किये जाने की शिकायत पर सचिव एमडीडीए/अधि0अभि0 को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत पर पुलिस विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए। सेला कुई में गन्ना तोल अनियमितता की शिकायत पर गन्ना विभाग के अधिकारियों को जांच कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। परिजनों द्वारा बेदखल करने पर पुस्तैनी भूमि पर हक दिलाने की आदि पर सम्बन्धित को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 शिव कुमार बरनवाल, खण्ड विकास अधिकारी सहसपुर वरूणा अग्रवाल (आईएएस), जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी नीरज सेमवाल, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड़, सहायक नगर अधिकारी नगर निगम एस.पी जोशी सहित एमडीडीए, लोनिवि, समाज कल्याण, पीएमजीएसवाई, एमडीडीए, सेवायोजन विभाग, सिंचाई आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# डीएम अध्यक्षता में हुई अन्र्तविभागीय समन्वय समिति डीसीसी की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्र्तविभागीय समन्वय समिति डीसीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों को सीआरएस पोर्टल पर एड करते हुए पोर्टल पर लॉगिन जारी किया जाए। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद के 144 निजी चिकित्सालयों को पोर्टल पर एड कर लिया जाए जिस पर जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाते हुए सभी चिकित्सालयों को एड करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रजेन्टेशन के माध्यम से सीआरएस पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में बताया गया कि सीआरएस पोर्टल से जारी प्रमाण-पत्र क्यूआर कोड आधारित होते हैं। जिनको स्कैन कर प्रमाणित किया जा सकता है। अवगत कराया गया है कि 1 जनवरी से जन्म मृत्यु के पंजीकरण ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिए गए है। जिस पर कार्य गतिमान है।

बैठक मे उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ0 शिखा जंगपांगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 नरेन्द्र कुमार, उप निदेशक एसएस नेगी आदि संबंधित अधिकारी एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पहाड़ी किसान बाजार का पूर्व मंत्री धनै ने किया उद्घाटन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



नई टिहरी। कुठा सरजूला में पूर्व मंत्री दिनेश धनै ने पहाड़ी किसान बाजार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पलायन रोकने के लिए इस तरह के प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे। पूर्व मंत्री धनै ने कहा कि ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए लोकल एवं वोकल पर काम करना होगा। अपने स्तर से प्रचार-प्रसार करके इस तरह के लघु उद्योग से एक साल में लाखों का व्यवसाय सोशल मीडिया के माध्यम से कर सकते हैं। ऐसे लोगों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सरकारी एजेंसियों को भी आगे आना होगा। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि कांणाताल, तिवाड़ गांव, टिपरी, उठड़ को पर्यटन ग्राम बनाया। आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी आने पर तिवाड़ गांव को चौपाल व रात्रि विश्राम के लिए चुना। यह हमारे लिए गर्व की बात है। पहाड़ी किसान बाजार के सदस्य मकान सिंह खाती, मनजीत रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र रावत ने कहा हमारा लक्ष्य है कि कम से कम अपने गांव की पच्चास महिलाओं को इस रोजगार से जोड़ें। इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख संजय मैठाणी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अतीक अहमद, जिला महामंत्री कर्म सिंह तोपवाल, संयुक्त मंत्री संजय बहुगुणा, पूर्व राज्य मंत्री फारूख शेख, बाल कल्याण समिति की सदस्य रागिनी भट्ट, पूर्व सैनिक कृष्णा ममगांई, पूर्व सभासद अजयपाल नेगी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रताप गुसाईं, पूर्व प्रधान सुंदर सिंह रावत, पूर्व प्रमुख मस्ता नेगी, प्रधान शांति देवी, शैला देवी, धना देवी, विक्रम सिंह कठैत, कविंद्र सिलसवाल, महावीर सिंह राणा, खेमराज रावत, जसपाल रावत आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जानकारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। नेहरू युवा केंद्र पौड़ी के तत्वावधान में तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण का आयोजन प्रसार प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को विभिन्न जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पौड़ी, कोट, पाबौ, थलीसैण, कल्जीखाल, जयहरीखाल और दुगडडा के 40 युवाओं ने प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने युवाओं को कहा कि युवा अपने जीवन मे सत्यता, चरित्र और आत्मविश्वास को बनाये रखेंगे तो निश्चित रूप से अपने जीवन मे सफल होंगे। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है और युवा कौशल से परिपूर्ण होगा तो हमारा देश विकास की एक नई इबारत लिखेगा। पुलिस विभाग की सब इस्पेक्टर टीना रावत ने साइबर क्राइम के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए युवाओं को बताया कि सोशल मीडिया को केवल मनोरंजन तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर अपनी सारी जानकारी देना गलत है और इससे बचना चाहिये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीनियर सिविल जज अकरम अली ने युवाओं को उनके करियर मे आने वाली बाधाओं से निपटने के बारे में जानकारी देते हुए प्राधिकरण द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं के अन्दर नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम के समापन पर विधायक पौड़ी ने प्रशिक्षाणार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अंजना बिष्ट, पंकज नेगी, वर्षा नेगी, कविता पंवार, अमित बर्थवाल, यशराज बिष्ट, ज्योति, पारस रावत, शालिनी रावत, पूजा जुयाल आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन योगम्बर पोली द्वारा किया गया।

## नये शिक्षा सत्र को लेकर अभिभावक और शिक्षकों की बैठक

नई टिहरी। सेंट एंथेनी पब्लिक स्कूल की मोलधार शाखा में नये शैक्षणिक सत्र और विद्यालयों की प्रगति को लेकर अभिभावक और शिक्षकों की बैठक हुई। विद्यालय प्रबंधक गौतम बिष्ट ने कहा कि विद्यालयों में नये सत्र से विभिन्न गतिविधियों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा, इसके लिये विद्यालय में विभिन्न विषयों से संबंधित प्रयोगशालाओं को तैयार करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के नये सत्र में किसी भी प्रकार की शुल्क वृद्धि नहीं की जाएगी। बैठक में विद्यालय की सीनियर शाखा ढुंगीधार के प्रधानाचार्य अनिल सेमल्टी ने कहा कि विद्यालय की ओर से छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के चलते 10 और 12 कक्षा के छात्रों का रिजल्ट बीते कई वर्षों से शत प्रतिशत है। विद्यालय के दो अन्य शाखाओं के प्रधानाचार्यों राजीव रावत और हरमेन्द्र मल्ल ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सम्मुख रखी।

# डीएम युगल किशोर पंत ने की जिला जल एवं स्वच्छता समिति पर बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर 27 फ़रवरी 2023– जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में जिला जल एवम स्वच्छता समिति की बैठक जिला कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को समयबद्धता, गुणवत्ता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति के साथ ही जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु भी यह योजना बहुत उपयोगी है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी परिवार पेयजल कनेक्शन से वंचित न रहे। बैठक में नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता मृदुला सिंह ने बताया कि जनपद में 324 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 300 योजनाओं के टेंडर अवार्ड की जा चुके हैं, जिसमे से 268 योजनाएं प्रगति पर हैं, 12 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिला शीघ्र ही निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उक्रांद ने की आरोपी भाजपा पार्षदों को गिरफ्तार करने की मांग

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने अंसल ग्रीन सोसायटी के सचिव प्रवीण भारद्वाज पर हमले के आरोपी पांचों भाजपा पार्षदों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि प्रदेश सरकार के संरक्षण में उत्तराखंड में भू-माफिया संस्कृति चल रही है। पार्टी प्रदेश कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि देहरादून में भाजपा के बड़े नेताओं के संरक्षण में पार्षद गैंग बनाकर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में मौजूद अंसल ग्रीन सोसायटी के सचिव प्रवीण भारद्वाज ने कहा कि उनको और उनकी पत्नी, बच्चे को हमलावरों ने बुरी तरह पीटा लेकिन उल्टा उन्हीं के खिलाफ जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया। मुख्य प्रवक्ता अनुपम खत्री ने कहा कि हमलावरों को भाजपा सरकार के मंत्री, विधायकों और भू-माफियाओं का संरक्षण प्राप्त है। महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने पुलिस से मांग की कि हमलावरों के तत्काल गिरफ्तार किया जाए। मौके पर सरोज रावत, राजेंद्र गुसाईं आदि मौजूद थे।

### एटीएम ठगी गिरोह सक्रिय, दो महिलाओं को दिया झांसा

हल्द्वानी। शहर में एटीएम बदलकर ठगी करने वाला गैंग सक्रिय है। तमाम शिकायतों के बाद भी पुलिस गैंग के सदस्यों को पकडने में नाकाम साबित हो रही है। गैंग के सदस्यों ने एक ही दिन में दो महिलाओं से हजारों की ठगी कर ली। जानकारी के मुताबिक प्रेमपुर लोश्ज्ञानी निवासी मंजू आर्या देवलचौड़ चौराहे स्थित एक एटीएम पर गई थी। इस दौरान एक युवक पहले से ही एटीएम के अंदर खड़ा था। युवक ने महिला को बातों में उलझाकर रुपये निकालने को कहा। इस दौरान उसने कार्ड का नंबर नोट कर लिया। कुछ ही देर में आरोपी युवक ने महिला का एटीएम कार्ड बदल लिया। महिला के जाते ही उसके खाते से 40हजार, 10हजार, 10 और 04 सहित कुल 64 हजार रुपये निकाल लिए गए। दूसरे मामले में कालूसाईं मंदिर के पास लगे एटीएम से एक युवक ने महिला को झांसा देकर कार्ड बदल लिया। यहां भी युवक ने महिला के खाते से 22 हजार रुपये निकाल लिए। शहर में कार्ड से ठगी के मामले बढने से पुलिस की तफ्तीश पर सवाल उठ रहे हैं। गैंग की पहचान में जुटी पुलिसः लगातार बढ़ रहे मामलों के बाद पुलिस भी सक्रिय है। पुलिस एटीएम की जांच कर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि गैंग के सदस्य बुजुर्गों और महिलाओं को निशान बना रहे हैं। कुछ बदमाशों की पहचान हुई है। जल्द ही गैंग के सदस्य पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

हल्द्वानी। नगर के एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक का शव टांडा रेंज स्थित डॉर्बी मैदान के पास पेड़ से लटका मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है। इस घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस प्राथमिक जांच में युवक की मौत को खुदकुशी मान रही है। फिलहाल परिजनों की तरफ से कोई तहरीर भी नहीं दी गई है। वार्ड नंबर 5 निवासी रमेश चंद्र बत्रा का परिवार अब बेरीपड़ाव में नवनिर्मित मकान में रह रहा है। रमेश चंद्र बत्रा का 19 वर्षीय पुत्र पवन बत्रा का शव सोमवार सुबह करीब 10 बजे टांडा रेंज के जंगल के किनारे स्थित मैदान में खेल रहे बच्चों ने पेड़ से लटका हुआ देखा। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाल डीआर वर्मा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और युवक के शव को नीचे उतारा। मौके पर वार्ड नंबर 4 के सभासद दीपक बत्रा सहित वहां एकत्र हुए क्षेत्र के लोगों ने मृतक की शिनाख्त पवन बत्रा के रूप में की। युवक की मौत के कारणों के संबंध में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। आसपास के लोगों और परिजनों से मामले की पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना के बाद मृतक के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।

### 35 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

हल्द्वानी। कोतवाली पुलिस ने सोमवार को तीन लोगों को 35 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करों को पकडने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने इनाम की घोषणा की है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सोमवार को उनके नेतृत्व में पुलिस टीम आमडंडा की तरफ जा रही थी। इसी बीच पीडब्ल्यूडी कार्यशाला के सामने रानीखेत रोड पर लखनपुर में एक स्कार्पियो गाड़ी सडक़ के किनारे खड़ी थी जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे। यातायात प्रभावित कर रहे इस वाहन चालक को टोकने पर एक व्यक्ति गाड़ी से उतरकर भागने लगा। तीनों व्यक्तियों को पकडक़र गाड़ी की तलाशी ली गयी। गाड़ी के पीछे डिग्गी में छुपाकर रखे गए दो कट्टों में करीब 35 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम धर्मेंद्र सिंह पुत्र बीरेंद्र प्रसाद निवासी सखनपुर, पलविंदर सिंह पुत्र दिलबाग सिंह निवासी हिम्मतपुर और विनोद सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ललितपुर थलीसैण पौड़ी गढ़वाल बताया है। बताया कि आरोपी पर्वतीय क्षेत्रों से गांजा लाकर रामनगर में बेचने की फिराक में थे। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम को एसएसपी ने 5000 रुपये के ईनाम की घोषणा की है।

### भाजपा ने की आभार रैली की तैयारी

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा नकल विरोधी कानून बनाये जाने के समर्थन में भाजपा की एक मार्च को हल्द्वानी में होने वाली आभार रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल रामनगर ने सोमवार को बैठक की। बैठक रैली के विधानसभा संयोजक व विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रावत, पूर्व प्रधान घनश्याम शर्मा आदि मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, नगर मंडल और एबीवीपी ने भी रैली को सफल बनाने के लिए बैठक की। जिसमें छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष मेहरा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह मेहरा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष यतिन रौतेला आदि मौजूद रहे।

### आप नेता सिसोदिया की गिरफ्तारी से आक्रोश

हल्द्वानी। आप नेता व दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। उन्होंने केंद्र सरकार का पुतला फूंक सीबीआई पर सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। सोमवार को बुद्ध पार्क पहुंचे आप कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था कि केंद्र सरकार सीबीआई का गलत उपयोग कर रही है। सरकार के इशारे पर सीबीआई ने एक इमानदार नेता को जेल भेजा है। केंद्र सरकार आप की लोकप्रियता से घबरा गई है। पार्टी नेताओं को दबाव में लाने को कभी ईडी तो कभी सीबीआई का सहारा लिया जा रहा है, जिसका वह पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने सिसोदिया की रिहाई की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजीव लोचन, प्रदेश महासचिव देवेंद्र कुमार, समी कुरैशी, समित टिक्कू, हर्ष सिरोही, पंकज कुमार, गोपाल बिष्ट, माया दुबे, बीना देवी, सुनीता आर्या, भावना पाठक, दुर्गा मेहरा, मनोज, काशी, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

# अनामिका, अनुपमा और गोविंद को स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में रजत पदक

सोफिया, 27 फरवरी (एजेंसी)। भारतीय मुक्केबाजों अनामिका (50 किग्रा), अनुपमा (81 किग्रा) और गोविंद कुमार साहनी (48 किग्रा) को रविवार को यहां स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट के अपने फाइनल मुकाबलों में शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

गत राष्ट्रीय चैंपियन अनामिका को लाइटवेट फाइनल में चीन की हू मेइयी के खिलाफ 1-4 के खंडित फैसले से हार झेलनी पड़ी।

गोविंद को भी कड़े मुकाबले में उज्बेकिस्तान के शोदियोरजोन मेलिकुजीव के खिलाफ खंडित फैसले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।

दूसरी तरफ अनुपमा को ऑस्ट्रेलिया की एमा सुइ ग्रीनट्री ने तकनीकी दक्षता के आधार पर 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया।

भारतीय मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट में तीन रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते।

गोविंद और 2023 एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मेलिकुजीव के बीच मुकाबले में दोनों खिलाड़ी आक्रामक दिखे और दोनों ने एक दूसरे के शरीर पर कई मुक्के लगाए।



एशियाई चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता गोविंद ने अपनी गति और तेज मुक्कों का इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान अपना गार्ड नीचे कर रहे थे जिसका फायदा विरोधी मुक्केबाज ने उठाया।

अनामिका ने आक्रामक शुरुआत की लेकिन मेइयी के मजबूत डिफेंस को नहीं भेद पाईं। चीन की खिलाड़ी ने पहला दौर सर्वसम्मत फैसले से जीता। अनामिका ने पहले दौर की तुलना में दूसरे में बेहतर प्रदर्शन किया। अंतिम दौर में अनामिका बेहतर मुक्केबाज थीं। उन्होंने चीन की खिलाड़ी को कई मुक्के जड़े और पांच में से चार जज ने उनके पक्ष में फैसला दिया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

लाइटहैवीवेट फाइनल में ग्रीनट्री ने अनुपमा को लय हासिल ही नहीं करने दी और शुरुआत से ही दबदबा बनाते हुए आसान जीत दर्ज की। दोनों मुक्केबाजों के बीच बड़े अंतर को देखते हुए नतीजे का अंदाजा लगाया जा सकता था।

भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफोर्मेंस निदेशक रह चुके और अब ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच सेंटियागो नीवा को ग्रीनट्री की जीत का जश्न मनाते हुए देखा जा सकता था।

तीन भारतीय महिला मुक्केबाजों एस कलाइवानी (48 किग्रा), श्रुति यादव (70 किग्रा) और मोनिका (+81 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

विश्वामित्रा चोंगथाम (51 किग्रा) और 2021 विश्व युवा चैंपियन सचिन (54 किग्रा) ने भी अपने अभियान का अंत कांस्य पदक के साथ किया।

# मयंक करेंगे शेष भारत की कप्तानी

मुंबई, 27 फरवरी (एजेंसी)। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज और कप्तान मयंक अग्रवाल एक मार्च से होने वाले ईरानी कप मैच में शेष भारत की कमान संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने सोमवार को इसकी घोषणा की। शेष भारत टीम ग्वालियर के रूप सिह स्टेडियम पर रणजी ट्रॉफी 2021-22 चैंपियन मध्य प्रदेश का सामना करेगी।

यह मुकाबला पहले इंदौर में होने वाला था लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट इंदौर स्थानांतरित होने के कारण ईरानी कप को ग्वालियर ले जाना पड़ा। शाह ने बताया कि सरफराज खान अपनी बायीं छोटी उंगली में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण चयन के लिये उपलब्ध नहीं थे। अखिल भारतीय चयन समिति ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में बाबा इंद्रजीत को स्क्वाड में शामिल किया है। मयंक हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

उनके साथ अभिमन्यू ईश्वरन पारी की शुरुआत करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी भारतीय टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मयंक ने भारत के लिये अपना आखिरी मुकाबला पिछले साल जून में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। ईश्वरन को दिसंबर 2022 में




बंगलादेश के विरुद्ध हुई टेस्ट सीरीज के लिये 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया था, हालांकि उन्हें एकादश में मौका नहीं मिल सका था।

सुदीप कुमार घरामी, यशस्वी जायसवाल, बाबा इंद्रजीत और यश ढुल शेष भारत के शीर्ष क्रम को मजबूती प्रदान करेंगे। इस साल रणजी खिताब जीतने वाली सौराष्ट्र टीम से सिर्फ विकेटकीपर-सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई और वामहस्त तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को शेष भारत में जगह दी गयी है। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनाडकट ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जारी टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हैं, इसलिये उन्हें शेष भारत में जगह नहीं दी गयी।

शेष भारत टीम : मयंक अग्रवाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, बाबा इंद्रजीत, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), अतीत सेठ, सौरभ कुमार, हार्विक देसाई, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, चेतन सकारिया, आकाश दीप, मयंक मारकंडे , पुलकित नारंग, सुदीप कुमार घरामी।

# तीसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के सामने आई नई मुसीबत

इंदौर, 27 फरवरी (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्राफी सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के दो टेस्ट मैच खेले जा चुके है और तीसरा मैच इंदौर में 1 मार्च से खेला जाएगा। भारत ने दो मैच जीतकर इस सीरीज में 2-0 से बढ़त बना रखी है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे मैच में प्लेयिंग इलेवन भी चुनना मुश्किल हो रहा है। ऐसा इसलिए की ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी चोटिल हो चुके है तो वहीं कप्तान पैट कमिंस अपने नीजि कारणों से स्वदेश लौट गए है। ऐसे में तीसरे टेस्ट मैच में 4 बड़े मैच विनर खिलाड़ी खेलते हुए दिखाई नहीं देंगे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस सीरीज के तीसरे मैच से बाहर हो गए हैं। वहीं डेविड वॉर्नर चोट के चलते दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। वो दूसरे टेस्ट मैच में ही टीम से बाहर हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी सीरीज से बाहर हैं। ऐसे में अब टीम के सामने प्लेयिंग इलेवन चुनना भी मुश्किल हो रहा है।


# शबनम इस्माइल ने तेज़ गेंद फेंककर स्थापित किया नया कीर्तिमान

नईदिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसी)। महिला टी20 वर्ल्ड कप समाप्त हो चुका है ऑस्ट्रेलिया ने इस खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 19 रन से हराकर वर्ल्ड कप खिताब छटी बार अपने नाम किया है। वैसे इस वर्ल्ड कप में कई रिकॉर्ड भी बन है जो हमेशा याद भी किए जाएंगे। ऐसे में आज हम ऐसे ही रिकॉर्ड की बात करने जा रहे है। जी हा साउथ अफ्रीका 34 वर्षीय तेज़ गेंदबाज़ शबनम इस्माइल ने एक बड़ा कारनामा कर दिखाया है जो आज तक कोई भी महिला क्रिकेटर नहीं कर पाई है। इस महिला क्रिकेटर ने इतिहास की सबसे तेज़ गेंद फेंककर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। जानकारी के अनुसार शबनम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में गेंद फेंकी थी। इस स्टार गेंदबाज ने 80 मील प्रति घंटे की रफ्तार यानि कि 128 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गेंद फेंकी। जो महिला क्रिकेट इतिहास में अब तक की सबसे तेज़ गेंद मानी जा रही है।

# जीडीपी और वाहन बिक्री के आंकड़ों का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई 27 फरवरी,(एजेंसी)। दुनिया के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में आगे भी बढ़ोतरी करने की आशंका से बीते सप्ताह ढाई फीसदी से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और फरवरी की वाहन बिक्री के जारी होने वाले आंकड़ों का असर रहेगा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1538.64 अंक अर्थात 2.52 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59463.93 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 478.4 अंक यानी 2.7 प्रतिशत की बड़ी गिरावट लेकर 17465.80 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 506.47 अंक यानी 2.1 प्रतिशत लुढ़ककर 24178.73 अंक और स्मॉलकैप 461.81 अंक अर्थात 1.65 प्रतिशत टूटकर 27584.59 अंक पर आ गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, पिछले सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी लगातार छठे दिन गिरते हुए सप्ताहांत पर



ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट पर रहा। बाजार पहले से ही उच्च स्तर पर जाने के लिए संघर्ष कर रहा था और अब अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल के कारण वैश्विक बाजारों में बिकवाली सेंसेक्स-निफ्टी के लिए बाधक बनी रही। घरेलू शेयर बाजार बाजार निकट अवधि में अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक की गति के साथ-साथ वैश्विक बाजारों की दिशा पर नजर रखेगा क्योंकि वर्ष 2023 की पहली छमाही में अमेरिका में ब्याज दर परिदृश्य एक प्रमुख कारक बना रहेगा। वर्तमान में बाजार भू-राजनीतक स्थिति पर अधिक प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है।

स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह 28 फरवरी को वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जारी होने वाले हैं, जिसका बाजार पर स्पष्ट असर देखा जा सकेगा। इसके साथ ही अगले सप्ताह फरवरी की वाहन बिक्री के आंकड़े भी आने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इसकी भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।अमेरिकी फेड रिजर्व के एक बार फिर ब्याज दर में बढ़ोतरी करने की संभावना के साथ ही अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्याभ्यास की घोषणा के बीच उत्तर कोरिया के मिसाइल दागने से चिंतित निवेशकों की एचडीएफसी, मारुति, एसबीआई, रिलायंस, आईसीआईसीआई और एनटीपीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 311.03 अंक की गिरावट लेकर 60691.54 अंक और निफ्टी 99.60 अंक उतरकर 17844.60 अंक पर आ गया। वैश्विक बाजार की गिरावट के प्रभाव से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, आईटी, तेल एवं गैस, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 18.82 अंक फिसलकर 60672.72 अंक और निफ्टी 17.90 अंक उतरकर 17826.70 अंक पर रहा।

# जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया टीम पर हुई प्राइज मनी की बारिश

नईदिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसी)। वेस्टइंडीज में खेले गए महिला टी20 वर्ल्डकप का खिताब ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जीत लिया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने वेस्टइंडीज की टीम ने 19 रन से हराकर ये खिताब अपने नाम किया है। जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया ने ये खिताब छटी बार जीता है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम को जीत के बाद प्राइजमनी भी दी गई। जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम को ये खिताब अपने नाम करने के बाद लगभग प्राइज मनी के तौर पर 10 लाख डालर मिले है। जो भारतीय पैसों के हिसाब से लगभग 8.27 करोड़ रुपए है। ऐसे में ये टीम के लिए एक बड़ी प्राइज मनी है। वहीं उपविजेता रही वेस्टइंडीज की टीम को 5 लाख अमेरिकी डालर प्राइज मनी मिली है। जो भारतीय रुपए के अनुसार 4.14 करोड़ रुपए है। वहीं सेमिफाइनल में हारी टीम को 2.10 लाख डालर दिए गए है।

# पुर्सेल ने बेंगलुरू ओपन का खिताब जीता

बेंगलुरू, 27 फरवरी(एजेंसी)। मैक्स पुर्सेल ने रविवार को यहां ऑल आस्ट्रेलियाई फाइनल में जेम्स डकवर्थ को तीन सेट में हराकर बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट के साथ अपना लगातार दूसरा एटीपी चैलेंजर एकल खिताब जीता। डकवर्थ को पहला सेट जीतने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी लेकिन पुर्सेल ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए 3-6 7-5 7-6 (5) से जीत दर्ज की। गत चैंपियन विंबलडन पुरुष युगल टीम में शामिल रहे पुर्सेल ने दूसरे सेट के 10वें गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट हासिल किए लेकिन डकवर्थ ने सभी को बचा लिया। पुर्सेल ने हालांकि 12वें गेम में डकवर्थ की सर्विस तोडकर मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचा। तीसरा सेट टाईब्रक तक खिंचा जिसमें पुर्सेल ने बाजी मार ली। शनिवार को युनसियोंग चुंग और यू सिओ सू की दक्षिण कोरियाई-चीनी ताइपे की जोड़ी ने अनिरुद्ध चंद्रशेखर और एन विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी को हराकर पुरुष युगल खिताब जीता था।

# केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही : नवप्रभात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



विकासनगर। पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा है कि ब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से ही जनता में एक दूसरे के प्रति नफरत पैदा करने की कोशिश की जा रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों का उत्पीडन किया जा रहा है। यह बात उन्होंने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के तहत विकासनगर विधान सभा क्षेत्र में यात्रा की शुरुआत करते हुए कही। छह मार्च तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता शहर और गांवों में लोगों से संवाद करेंगे।

सोमवार को दूरस्थ क्षेत्र लांघा से यात्रा की शुरुआत पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने की।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धि देश में अराजकता और असमंजस का माहौल पैदा करना है। नवप्रभात ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में लोगों को आपस में जोडने का काम कर रही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में सामाजिक, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। अब हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा से जनता को आपस में प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया जा रहा है।

# महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को नमन किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर पछवादून विकास मंच द्वारा उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्खनवाला में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को आजाद के जीवन की जानकारी दी गई। मंच संयोजक अतुल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म भाबरा गांव में एक ब्राह्मण परिवार में 23 जुलाई सन 1906 हुआ था। उनके पूर्वज उन्नाव जिला के निवासी थे। आजाद का प्रारंभिक जीवन गांव में बीता, बचपन से ही देश प्रेम की शिक्षा उन्होंने प्राप्त की। क्रांतिकारियों के संपर्क में आने पर देश की आजादी की अलख को जगाने का काम किया। बताया कि स्वाधीनता संग्राम के दौरान उन्होंने युवाओं को इक_ा कर ब्रितानिया सरकार की चूलें हिला दी थी। महान क्रांतिकारी लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला भी उन्होंने लिया। कहा कि आज चंद्रशेखर आजाद हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य और देश की आजादी के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान सदैव देश को उनकी याद दिलाता रहेगा। बताया कि आजाद भारत देश की महान धरोहर हैं। ऐसी महान धरोहरों के बलिदान के कारण ही हम सभी लोग आजादी की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देश प्रेम से ओतप्रोत लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। इस दौरान सुनील तोमर, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील नौटियाल, मुकेश राज शर्मा, मनोज राठौर, उषा रानी वर्मा, रजनी, सुनीता देवी, मनजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## त्यूणी, केराड़ सहकारी समिति बकाएदारों से वसूलेगी 60 लाख

विकासनगर। सहकारिता विभाग की ओर से कृषि ऋण के बकाएदारों पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। सहकारिता विभाग की जिला स्तरीय बैठक में 15 मार्च तक बकाया ऋण वसूली का निर्देश संबंधित समितियों को दिया गया है। इसी कड़ी में बहुउद्देशीय दीर्घकार समिति केराड़ और त्यूणी की ओर से घर घर जाकर बकाया ऋण वसूली अभियान शुरु कर दिया गया है। सचिव बलवीर सिंह ने बताया कि केराड़ और त्यूणी समितियों की ओर से 450 करोड़ की राशि बतौर कृषि ऋण वितरित की गई है। जिसके सापेक्ष 60 लाख की राशि बकाएदारों से वसूल की जानी है। उन्होंने बताया कि बकाएदारों की सूची तैयार कर दी गई है। एक मार्च से सात मार्च तक बकाएदारों से समन्वय स्थापित कर वसूली की जाएगी। सात मार्च के बाद बकाएदारों की धर पकड़ की जाएगी। कहा कि पूरी प्रक्रिया की मॉनटरिंग सीडीओ कर रहे है।

# मार्ग सुधारीकरण में घटिया गुणवत्ता का आरोप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। लोक निर्माण विभाग की ओर से साहिया-क्वानू मोटर मार्ग पर कराए जा रहे सुधारीकरण कार्य में स्थानीय लोगों ने अनियमितता की शिकायत की है। आरोप लगाया कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। कई डेंजर जोन पर सुरक्षा के उपाय भी नहीं किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में नारायण सिंह तोमर, सूरत सिंह चौहान, चतर सिंह तोमर, दाताराम, कपिल शर्मा, श्रीचंद तोमर, महावीर सिंह चौहान, जयपाल सिंह तोमर, मुकेश तोमर ने बताया कि लोनिवि की ओर से छह करोड़ की लागत से साहिया-क्वानू मोटर मार्ग का सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत छह पुलिया निर्माण, मोड़ों की कटिंग, नाली निर्माण, पैराफिट, क्रैश बैरियर, सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाना है। इन लोगों ने बताया कि तीस किलोमीटर लंबे इस मोटर मार्ग पर दो दर्जन से अधिक ऐसे तीखे मोड़ हैं, जिनसे गुजरने पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बावजूद इसके इन मोड़ों पर कटिंग नहीं की जा रही है। इसके साथ ही ऐसे मोड़ों पर कहीं सुरक्षा दीवार भी नहीं बनाई जा रही है।

लोगों ने बताया कि यह आलम तब है जबकि जौनसार बावर क्षेत्र में मोटर मार्गों के खस्ताहाल होने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय अधिकारी सुधारीकरण कार्य का निरीक्षण करने नहीं आते हैं, जिसके चलते कार्य में गुणवत्ता की कमी बनी हुई है। कहा कि जल्द घटिया गुणवत्ता की जांच कर दुबारा निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए। उधर, लोक निमार्ण विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रत्यूष कुमार ने कहा कि संबंधित एसडीओ को भौतिक निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

## नुक्कड़ नाटक से दिखाया सूबे में नशे और उत्पीडऩ का मंजर

ऋषिकेश। राज्य में शराब का नशा परिवारों की बर्बादी की वजह बना रहा है। इससे न सिर्फ घर तबाह हो रहे हैं, बल्कि महिला और बाल उत्पीडन की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। सूबे में नशे और उत्पीडन का मंजर मुख्यमंत्री के सामने नाटक के जरिए पेश किया गया। कलाकार यह बताने की कोशिश करते दिखे कि कैसे प्रदेश में नशा परिवारों को उत्पीडन और तंगी की आग में झोंक रहा है। श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला मंगल दल की सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक पेश किया। रोड शो की वजह से तय वक्त से काफी देर में शुरू हुए कार्यक्रम में कलाकारों को पहले ही जल्द नाटक करने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं माने और नाटक के जरिए सरकार से लेकर मौजूद लोगों तक को शराब से बर्बाद होते परिवारों की हकीकत दिखाई। नाटक में महिला किरदारों ने राज्य में शराब के बढ़ते प्रचलन से घरों के टूटने के दृश्यों को दिखाया।

## नहर किनारे जेसीबी से खुदाई पर भडक़े किसान, तहसीलदार से शिकायत की

ऋषिकेश। डोईवाला में अवैध खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। यहां आए दिन नदियों किनारे अवैध खनन और अतिक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। तहसील प्रशासन की कार्रवाई का डर यहां दिखाई नहीं दे रहा है। डोईवाला के लच्छीवाला में सिंचाई नहर की भूमि के पास अवैध खनन का मामला सामने आया। अवैध रूप से जेसीबी द्वारा खुदाई कर ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी का उठान किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही किसान भडक़ उठे और किसानों ने तहसीलदार मोहम्मद शादाब से शिकायत की। इसके बाद तहसील और पुलिस प्रशासन की टीम संयुक्त रूप से मौके पर पहुंची और खनन कार्य में लगे जेसीबी व मिट्टी का ढुलान कर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ डोईवाला कोतवाली में लाया गया। पानी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सिंचाई नहर के किनारे विभाग की लगभग 25 फीट भूमि थी। लेकिन अब भू माफियाओं ने उस भूमि पर अपना कब्जा कर लिया है। इसके अलावा भूमाफिया लगातार नहर के किनारे खुदाई कर नहर को क्षति पहुंचा रहा है।

## दून गंगा ने हरिद्वार सेंट्रल को दो विकेट से हराया

ऋषिकेश। श्री साईं बाबा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल छिद्दरवाला में अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ। इसके फाइनल में रोटरी क्लब दून गंगा ने हरिद्वार सेंट्रल की टीम को दो विकेट से हराया। सोमवार को श्री साईं बाबा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल छिद्दरवाला परिसर में रोटरी क्लब दून गंगा ने अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। इसका फाइनल हरिद्वार सेंट्रल और दून गंगा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिद्वार सेंट्रल की टीम ने 15 ओवर में 183 रन का स्कोर बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वयं सहायता समूह को प्रशिक्षण दिया

हल्द्वानी। नगर पालिका परिषद के गैस गोदाम के निकट स्थित सभागार में सोमवार को खाद्य पदार्थों के निर्माण कार्य करने वाली विभिन्न स्वयं सहायता समूह की लगभग 56 महिलाओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की फास्टेक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। समूह की महिलाओं को निर्माण कार्य में स्वच्छता एवं सफाई के मानकों, एफएसएसएआई से लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण आदिक मसीह मेडिकल सोसाइटी नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान अकील अहमद, आदित्य कुमार पाण्डेय संस्था के प्रतिनिधि के रूप में रहे। इस दौरान अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह, फूड इंस्पेक्टर नन्द किशोर, सभासद भुवन सिंह डंगवाल, सभासद कमला दौंडियाल, सभासद विमला आर्या आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिक बोले, पेंशन की विसंगतियां दूर हों

पौड़ी। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन पौड़ी ने वन रैंक वन पेंशन में पूर्व सैनिकों के साथ हुई विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई है। संगठन ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। सोमवार को पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सचिव राजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि वन रैंक वन पेंशन में पूरा लाभ आफिसर वर्ग को दिया गया है जबकि नायब सूबेदार, सूबेदार मेजर व आनेरी ले कैप्टन को कोई लाभ नहीं मिला है। जिससे उनमें नाराजगी बनी हुई है। कहा कि समय रहते इन विसंगतियों को नहीं सुधारा गया तो आने वाले समय में आफिसर व जवानों के बीच का ये अंतर जमीन आसमान का रहेगा। जिससे जवान व जेसीओ वर्ग हमेशा अपने को ठगा महसूस करेगा। इस मौके पर कल्याण सिंह, सुरेंद्र सिंह रावत, बकुल सिंह, संतन सिंह आदि शामिल थे।

### वाहन खाई में गिरने से चालक की मौत

पौड़ी। कल्जीखाल के भैंटी-बौंसाल मोटरमार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के समय वाहन में केवल चालक ही सवार था। असवालस्यूं के राजस्व उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे भैंटी-बौंसाल मोटरमार्ग पर मवाधार के पास एक चोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना के समय वाहन में चालक पंकज कुमार पुत्र नागेंद्र सिंह 26 साल, निवासी भंगड़ू अकेला सवार था। मौके पर ही चालक ने दम तोड़ दिया। बताया कि एसडीआरएफ की मदद से शव को गहरी खाई से निकालकर पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है।

### भरोसे पर दिए गए वाहन को वापस न करने पर केस दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली पुलिस श्रीनगर ने विश्वास पर दिए गए वाहन को वापस न करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि इस संदर्भ में गत 12 फरवरी को ज्योति रावत पत्नी पुष्कर सिंह रावत निवासी कमेड़ा, जामनाखाल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उनके पति ने एक चौपहिया वाहन छोटा हाथी खरीदा था। खालिद कुरैशी जिसकी बुदेशु में दूध की डेयरी थी, वह टेस्ट ड्राइविंग के बहाने गत वर्ष 13 मई को वाहन लेकर देहरादून चला गया। वाहन को वापस मांगने पर उसने वाहन को वापस नहीं किया। पुलिस ने आरोपी को भानियावाला देहरादून के पास से गिरफ्तार किया गया। कहा आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना एसआई रणवीर रमोला को सौंपी गई है।

### भरोसे पर दिए गए वाहन को वापस न करने पर केस दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली पुलिस श्रीनगर ने विश्वास पर दिए गए वाहन को वापस न करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि इस संदर्भ में गत 12 फरवरी को ज्योति रावत पत्नी पुष्कर सिंह रावत निवासी कमेड़ा, जामनाखाल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उनके पति ने एक चौपहिया वाहन छोटा हाथी खरीदा था। खालिद कुरैशी जिसकी बुदेशु में दूध की डेयरी थी, वह टेस्ट ड्राइविंग के बहाने गत वर्ष 13 मई को वाहन लेकर देहरादून चला गया। वाहन को वापस मांगने पर उसने वाहन को वापस नहीं किया। पुलिस ने आरोपी को भानियावाला देहरादून के पास से गिरफ्तार किया गया। कहा आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना एसआई रणवीर रमोला को सौंपी गई है।

### श्रीनगर में बाइक दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एजेंसी मोहल्ला में एक बाइक नगर निगम की सफाई ट्राली से टकरा गई। जिसमें सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को निजी वाहन से बेस चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली के एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि रविवार रात्रि करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि यूको बैंक एजेंसी मोहल्ला के पास सडक़ दुर्घटना हुई है। जिस पर रात्रि अधिकारी उप निरीक्षक एसआई अजय भट्ट मय चीता कर्मचारी गण के सूचना पर मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से पता चला कि एक बाइक सवार जो श्रीकोट की तरफ से आ रहा था वह बांसवाड़ा में नगर पालिका की सफाई ट्रॉली से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें बाइक चालक साहिल रावत(22) पुत्र गजेंद्र सिंह रावत ग्राम खड़ेत घुड़दौड़ी थाना पौड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों द्वारा बेस चिकित्सालय श्रीकोट में निजी वाहन से उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जिसे चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान मृत घोषित किया गया। कहा मृतक के परिजनों के समक्ष पंचायतनामा की कार्यवाही की गई है। मृतक साहिल गढ़वाल विवि में बीकॉम फाइनल ईयर का छात्र था।

### डीएसओ ने क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल। महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (डीएसओ) छात्र संगठन की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्रों ने आजाद के जीवन संघर्ष एवं जनगीत गाकर आज़ाद को याद किया गया। डीएसओ ऑल इंडिया काउंसिल मेंबर रेशमा पंवार ने आजाद के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब बेरोजगारी, महंगाई, अशिक्षा अपने चरम पर है, तब आज़ाद जैसे महान क्रांतिकारियों के विचारों को जानना और उन्हें आत्मसात करना जरूरी हो गया है। डीएसओ पौड़ी जिला समिति अध्यक्ष कुलदीप रमोला ने आजाद के जीवन संघर्षों पर अपने विचार रखे। सभा में गढ़वाल विवि छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान, सह सचिव रंजना ,सुमित, मयंक, हिमानी, नितेश, संदीप के साथ ही विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# भूसा ट्राली के ट्रांसफार्मरों से टकराने से लगी आग

न्यूज वायरस नेटवर्क



रुडक़ी। भूसे से भरी एक ट्राली बिजली ट्रांसफार्मरों से टकराकर आगे निकल गई। टक्कर से ट्रांसफार्मर से निकले तेल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया लेकिन तब तक दोनों ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो चुके थे। इससे करीब 12 लाख के नुकसान का अनुमान है।

मोहल्ला सैनीपुरा में 500 केवीए और 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मर एक साथ रखे गए हैं। सुबह वहां से एक भूसे से भरी ट्राली निकली। जो ट्रांसफार्मर से टकरा गई। इससे निकलकर भूसा आदि भी वहां पर गिरा। इस बीच ट्रांसफार्मर के आसपास आग लग गई। लोग आग पर काबू पाते, तब तक वह बढ़ गई। लोगों ने बिजलीघर के कर्माचारियों को सूचना दी।

कुछ देर के बाद बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई। ऊर्जा निगम के कर्मचारियों का कहना है कि कंट्रोल रूम को फोन कर फायर ब्रिगेड मौके पर भेजने के लिए कहा गया। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक ट्रांसफार्मर जलकर पूरी तरह से राख हो चुके थे। जेई सौरभ सिंह भाटी ने बताया कि दोनों ट्रांसफार्मरों की कीमत लगभग 12 लाख रुपये के करीब है। क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। उनका कहना है कि देर रात तक इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके लिए नए ट्रांसफार्मर मंगाए गए हैं।

# मनीष सिसौदिया की गिरफ्तारी को लेकर आप का सहसपुर में प्रदर्शन

विकासनगर। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार व सीबीआई के खिलाफ सहसपुर में पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व सीबीआई का पुतला दहन किया। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। आप नेता व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया को एक सुनियोजित साजिश के तहत गिरफ्तार किया है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली के नेतृत्व में चानचक में एकत्रित होकर चानचक से सहसपुर तक पद यात्रा निकाली। सहसपुर चौक पर पहुंचकर आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व सीबीआई के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीबीआई व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि भाजपा पिछले लंबे समय से सीबीआई और ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। सीबीआई का दुरुपयोग करते हुए ही मनीष सिसोदिया को और आम आदमी पार्टी को टारगेट कर रही है। जिसके चलते कल मनीष सिसोदिया को झूठे आरोपों में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया गया।

प्रदर्शनकारियों में विधानसभा अध्यक्ष सय्याद अली, बबलू चौधरी, निखिल राणा, अमजद इलाही, सय्यद प्रवेज, मेहरुना परवीन, कल्पना तिवारी, मंजू थापा, नूरजहां, राधा, सरिता, मोहम्मद मारूफ़, इकराम मलिक, नभ बंसल, सय्यद अहमद आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# कैसी आजादी चाहते थे चंद्रशेखर आजाद

आज के दिन 1931 में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के प्रधान सेनापति क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के अल्फ्रेड पार्क (अब चंद्रशेखर आजाद पार्क) में गोरे शासकों की पुलिस द्वारा अचानक घेर लिये जाने पर भरपूर मुकाबले के बाद खुद को शहीद कर लिया था. व्यापक रोष और क्षोभ से डरी हुई पुलिस ने शहर के रसूलाबाद श्मशानघाट में उनका गुपचुप अंतिम संस्कार कर दिया, तो इसकी भनक लगते ही देशाभिमानी युवक उनकी अस्थियां चुनने वहां पहुंच गये थे. फिर उन्होंने विशाल जुलूस निकाला था, जिसे संबोधित करने वालों में हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी के सह-संस्थापक शचींद्रनाथ सान्याल की पत्नी प्रतिभा सान्याल भी थीं. आजाद की शहादत के कई दशकों बाद भी उनके शहादत दिवस पर उक्त पार्क उनकी स्मृतियों से जीवंत हो उठता है. आजाद के जीवट की ओर देखें, तो वे काकोरी के ऐतिहासिक ट्रेन एक्शन कांड में शामिल रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खां, रौशन सिंह और राजेंद्रनाथ लाहिड़ी जैसे साथी क्रांतिकारियों की शहादत के बाद भी निराश नहीं ही हुए थे. क्रूर दमन के बीच 1928 में उन्होंने अपने संगठन 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' में 'सोशलिस्ट' शब्द जोड़ा और उसके कमांडर-इन-चीफ बने. तब उन्होंने ऐलान किया था कि 'हमारी लड़ाई आखिरी फैसला होने तक जारी रहेगी और वह फैसला है जीत या मौत.' जाहिर है कि स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष संचालित करते हुए वे अपनी आखिरी सांस तक देश में समाजवादी समाज व्यवस्था की स्थापना का सपना देखते रहे थे. उनकी शहादत के 16 वर्ष बाद ही देश को आजादी हासिल हो गयी, तो यह उम्मीद परवान चढ़ने लगी थी कि जल्दी ही उनका सपना साकार होगा. पर ऐसा न हो सका. मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में स्थित जिस भांबरा ग्राम में वे 23 जुलाई, 1906 को पैदा हुए थे, उसका नाम भी अब उनके नाम पर 'चंद्रशेखर आजाद नगर' कर दिया गया है. उनके पूर्वज उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के जिस बदरका से जाकर वहां बसे थे, उसे भी पर्याप्त प्रतिष्ठा हासिल हो चुकी है. आजाद उन शहीदों की सूची में नहीं हैं, जिनकी स्मृतियों से अन्याय करते हुए उन्हें विस्मृति के गर्त में दफन कर दिया गया.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## संत निरंकारी मिशन ने स्वच्छता अभियान चलाया

कोटद्वार। संत निरंकारी मिशन की स्थानीय शाखा के सदस्यों और पदाधिकारियों की ओर से स्वच्छ जल, स्वच्छ मन मिशन के तहत सिद्धबली मंदिर के पास से खोह नदी में गाड़ीघाट तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन के सेवादारों और स्कूली छात्रों ने अभियान में सहयोग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान चलाना अपने आप में प्रशंसनीय कार्य है। इस कार्य में अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। नगर निगम पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए। कहा कि अपने आसपास सफाई रखना हर नागरिक का कत्तव्य है। कोटद्वार शाखा के प्रमुख मुखिया धीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि मिशन की ओर से सदगुरू माता की कृपा से पूरे भारतवर्ष में समाजकल्याण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बताया कि यह कार्यक्रम 27 राज्यों के 1100 स्थानों में चलाया गया है। इस दौरान हल्दूखाता शाखा प्रमुख सतेंद्र सिंह बिष्ट, लैंसडौन के सुभाष पंथवाल, मटियाली के कमलेश्वरी डबराल और सतपुली के चंडी प्रसाद उनियाल सहित मिशन के सेवादार और स्कूली छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

## नरेश बरमोला बने कांग्रेस संगठन ब्लॉक आदिबदरी के महासचिव

चमोली। आदिबदरी संगठन ब्लॉक की बैठक रामलीला मैदान आदिबदरी में ब्लॉक अध्यक्ष कलम कोहली की अध्यक्षता एवं अजय किशोर भंडारी प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस यूथ सेवा दल के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से बीरेन्द्र भड़ारी को उपाध्यक्ष, नरेश बरमोला के महासचिव, बीरेन्द्र रावत सचिव, मोहन भंडारी, मंगल कोहली, लक्ष्मण नेगी, यशवंत भंडारी को सलाहकार नियुक्त किया गया। साथ ही आदिबदरी न्याय पंचायत के लिए धर्म सिंह को अध्यक्ष एवं मनवर सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष कलम कोहली ने बताया कि देवलकोट न्याय पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक का मनोनयन किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नर्सरी आवंटन को लेकर बागवानों में आक्रोश

उत्तरकाशी। महत्वाकांक्षी योजना एप्पल मिशन के तहत राज्य से बाहर की नर्सरियों का चयन किए जाने पर स्थानीय बागवानों ने आक्रोश व्यक्त किया है। बागवानों ने इसे लेकर पुरोला में सोमवार को बैठक की। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे राज्यों की नर्सरियों को सेब की पौध आवंटन का विरोध किया और आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एप्पल मिशन योजना के तहत पुरोला क्षेत्र के 80 से ज्यादा काश्तकारों का चयन सेब बगीचों के लिए किया गया है। इनके कुल 250 सेब के बगीचे लगाए जाने हैं। इसके लिए योजना के तहत 20 प्रतिशत अंशदान काश्तकार की ओर से जमा करा दिया गया है, शेष 80 फीसदी का भुगतान विभाग को नर्सरी को करना है। बागवानों श्यालिक राम नौटियाल, कपिल देव, केशव बिजल्वाण आदि ने कहा कि बागवानों में प्रदेश से बाहर की नर्सरी चिन्हित करने और अनुकूल मौसम होने के बावजूद समय पर सेब की पौध आवंटित नहीं हो पाई हैं। विभाग ने पौध आवंटन के लिए जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश की नर्सरी को चयनित किया है। इनसे उपलब्ध करवाई जाने वाली पौध की कोई गारंटी नहीं है, जबकि स्थानीय नर्सरी चयन पर अगर पौध खराब निकलती तो स्थानीय बागवान उसे आसानी से बदल सकते थे। बाहर की नर्सरियों द्वारा फैदर रहित पौध उपलब्ध कराने पर भी बागवानों ने सवाल उठाए हैं। कहा कि इससे फसल देरी से आने और पौध के कम सफल होने की संभावना अधिक होती है। कहा कि पौध खराब होने को लेकर नर्सरी की ओर से कोई बांड नहीं किया जा रहा है। जो सरासर गलत है। बागवानों ने कहा कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो काश्तकार आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में केशव प्रसाद, शालिकराम नौटियाल, संतलाल, सबल सिंह पंवार, रणवीर सिंह रावत, कपिल देव, लोकेश प्रसाद, मनमोहन सिंह, रणवीर सिंह, जसवीर डोटीयाल आदि उपस्थित रहे।

### गढ़ रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी के गीतों पर झूमे मेलार्थी

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जिले के स्थापना दिवस पर डुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकास एवं सांस्कृतिक मेले के चौथे दिन गढ़ रत्न नरेन्द्र सिंह नेगी व लोक गायक अनिल बिष्ट के गीतों की धूम रही। इस मौके पर नेगी ने सर स्याली रमदेई, फ्योंली बोलू यां बुरांश बोलू की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर मेलार्थी दिनभर झूमते रहे। मां रेणुका संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से डुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकास एवं सांस्कृतिक मेले की चौथे दिन शुरुआत लोक गायक नरेन्द्र सिंह नेगी ने जय अम्बे जगदम्बा भवानी की स्तुति से की। इसके बाद उन्होंने फ्योंली बोलू या बुरांश बोलूं व सर स्याली रामदेई के साथ ही माछी पाणी सी, ठंडो रे ठंडो व दिले धारू बोला.. आदि गीतों की प्रस्तुती दी और दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं इनके साथ आए लोक गायक अनिल बिष्ट ने जीतू ले बग्डवाल व अमित खरे ने भामा तेरी ज्यून सी मुखड़ी गीत की प्रस्तुति दी और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यम्रम का शुभारंभ यमुनोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेले हमारी पौराणिक संस्कृति के धरोहर हैं। जिसमें लोगों को एक दूसरे से मेल मिलाप करने के साथ ही क्षेत्र की संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिलता है। मेला समिति के अध्यक्ष राजदीप परमार ने सभी अतिथियों का आभार जताया और आगामी वर्षों में मेले को और भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग मांगा। शाम को सभी ग्रामीण व मेला समिति के सदस्यों ने देव डोली संग नृत्य किया और मेले का लुफ्त उठाया। वहीं दूर दराज क्षेत्र से आये लोगों ने भी मेले में सजी दुकानों से जमकर खरीदारी की। इस मौके पर समिति के सरंक्षक ठाकुमर महेन्द्र पाल परमार, जिपं उपाध्यक्ष कविता परमार, पदम दत्त जोशी, जय प्रकाश राणा, सुशील जोशी, राजेन्द्र भट्ट, राजेन्द्र जोशी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण का समापन

उत्तरकाशी। पुरोला के बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मार्गदर्शन परामर्श एवं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ तथा नांदी फाउंडेशन महिद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से चल रहे रोजगारपरक प्रशिक्षण का समापन छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर किया गया। बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए चल रहे छः दिवसीय रोजगार परक कौशल प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का सोमवार को छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर समापन किया गया। प्रशिक्षण में प्रथम बैज में 50 व द्वितीय बैज में 45 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण की संयोजक व नोडल अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर गौहर फातिमा ने कहा कि रिसोर्स पर्सन व मास्टर ट्रेनर नांदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासरूम रेनू शर्मा ने महाविद्यालय के प्रथम बैच में 50 व द्वितीय बैच में 45 छात्राओं को 20-20 घंटे का रोजग़ारपरक कौशलों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में छात्राओं को लाइफ स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स ,कम्युनिकेशन स्किल्स व साक्षात्कार से जुड़े कौशलों को विभिन्न गतिविधियों, ग्रुप डिस्कशन के द्वारा शिखाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. यमुना प्रसाद रतूड़ी, नोडल अधिकारी गौहर फातिमा, डॉ. गणेश प्रसाद, डॉ. विशम्बर जोशी, कृष्ण देव रतूड़ी, दीपक सिंह, डॉ. विनय प्रकाश, राजीव नौटियाल, शीशपाल थे।

### मनरेगा सहायकों ने की वेतन दिए जाने की मांग

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के विभिन्न ब्लॉकों में कार्यरत मनरेगा सहायकों ने गत वर्ष 2021 में मार्च से लेकर जून तक की गई हड़ताल के समय का मानदेय दिए जाने की मांग की है। कहा कि सरकार यदि शीघ्र ही उनकी मांगों का निस्तारण नहीं करती है तो वह पुनः आदोलन के लिए वाध्य होंगे। सोमवार को जिले भर के मनरेगा सहायकों की एक बैठक डुंडा में आयोजित की हुई। जिसमें उन्होंने बताया कि नियमितिकरण व सम्मान जनक मानदेय दिए जाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर वर्ष 2021 में मनरेगा सहायकों ने 15 मार्च से 06 जून तक ब्लॉकों में बैठकर धरना प्रदर्शन किया था। लम्बे समय पर धरना देने पर सरकार ने उन्हें उनकी मांगों पर विचार किए जाने के साथ ही हड़ताल अवधि का पूर्ण वेतन दिए जाने की बात कही थी। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार ने उनके मानदेय को लेकर कोई आदेश जारी नही किया। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। संगठन के अध्यक्ष शैलेन्द्र ने बताया कि यदि उनकी मांगों व मानदेय को लेकर जल्द ही विचार नहीं करती है तो पुनः पुनः हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर विक्रम सिंह, धनपाल सिंह, अषाड़ सिंह, दुर्गापाल, कुंवर पाल, संतोष, गिरीश, नवीन भंडारी, धनंजय, प्रदीप नेगी आदि मौजूद रहे।

### रोटरी के सदस्यों ने गरीबों को बांटे वस्त्र

उत्तरकाशी। सौम्य काशी रोटरी क्लब के सदस्यों ने रविवार को रतूड़ी सेरा में निवास कर रहे गरीब एवं असहाय वर्ग के लोगों को गर्म कपड़े एवं कम्बल वितरित किए। अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार नौटियाल के नेतृत्व में क्लब के सदस्य डुंडा क्षेत्र रतूड़ी सेरा पहुंचे। यहां उन्होंने सडक़ किनारे झुग्गी-झोपडियों मे निवास कर रहे मजदूरों, असहाय एवं गरीब तबके के लोगों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को कपड़े, कॉपी किताबें भी दीं। इस मौके पर रोटरी क्लब के प्रताप सिंह बिष्ट, सुरेंद्र दत्त उनियाल, मोहन डबराल, जमुना प्रसाद उनियाल, रमा डोभाल, दीपिका आदि उपस्थित रहे।

# सैयामी खेर ने 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के एक्टर कॉनन स्टीवंस के साथ शेयर किया एक्शन सीन



एक्ट्रेस सैयामी खेर ने अपने सोशल मीडिया पर एक एक्शन सीक्वेंस वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के एक्टर कॉनन स्टीवंस के साथ एक्शन करती नजर आ रही हैं। कॉनन ने सीरीज में ग्रेगोर क्लेगन का किरदार निभाया है। वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, यहां यूनिवर्स के लिए मेरा एक्शन ऑडिशन रील है! दो साल पहले मैंने वाइल्ड डॉग नाम की एक फिल्म की थी। एकमात्र नागार्जुन गारु के साथ काम करने के अनुभव को पसंद करने के अलावा, मैं इस अविश्वसनीय एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा भी बन गयी। अगर आप गेम ऑफ थ्रोन्स के प्रशंसक नहीं हैं, तो 7 फुट 4 इंच के कॉनन स्टीवंस से मिले, जिन्होंने ग्रेगोर क्लेगन की भूमिका निभायी थी।

यह सीन नागार्जुन के साथ उनकी फिल्म 'वाइल्ड डॉग' का है। एक्ट्रेस ने बताया कि कोविड के कारण अंत में सीन में कोई कटौती नहीं हुई। इससे पहले और बाद में सैयामी के सीन्स को महामारी प्रतिबंधों के कारण स्थगित कर दिया गया था। इस बेहतरीन हाई ऑक्टेन एक्शन सीन के लिए एक्ट्रेस ने एक फ्रेंच स्टंट डायरेक्टर के साथ काम किया।

उन्होंने अपने कैप्शन में आगे कहा, अगर आप जीओटी के प्रशंसक हैं, तो आपको क्या लगता है कि अगर मैंने द वाइपर के बजाय द माउंटेन के साथ लड़ाई लड़ी होती तो क्या होता? दुर्भाग्य से, इस सीक्वेंस को फिल्माए जाने के बाद, महामारी फैल गई, और कॉनन शूटिंग पूरी करने के लिए भारत वापस नहीं आ सके। मुझे खुशी है कि मेरे पास इस शूटिंग की यादें हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्ट्रेस जल्द आर बाल्की की 'घूमर' में एक लकवाग्रस्त खिलाड़ी की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

# कन्नड सिनेमा की एक और ब्लॉकबस्टर, ध्रुव सरजा की मार्टिन के टीजर ने उड़ाए होश

हिन्दी सिनेमा को दक्षिण भारत का क्षेत्रीय सिनेमा जमकर टक्कर दे रहा है। पिछले कुछ सालों में क्षेत्रीय सिनेमा ने जिस तरह से हिन्दी भाषी दर्शकों को अपने साथ जोडने में कामयाबी प्राप्त की है उससे हिन्दी सिनेमा ने अभी तक कोई सबक नहीं लिया है। वहाँ का कथानक, कहानी का अंदाज और प्रस्तुतीकरण जुदा है। आरआरआर हो या फिर केजीएफ सीरीज, इन फिल्मों ने हिंदी दर्शकों की बेस्ट मूवीज ऑन स्क्रीन देखने की प्यास को बढ़ा दिया है। जिसका भरपूर फायदा साउथ सिनेमाई इंडस्ट्री उठा रही है। आने वाले समय में दक्षिण की कई ऐसी फिल्में हैं जो उत्तर भारत में धूम मचाने को तैयार हैं। हिन्दी सिनेमा को तमिल, तेलुगू से ज्यादा खतरा कन्नड सिनेमा से है। गत वर्ष आई कन्नड सिनेमा की केजीएफ-2 और कांतारा ने इस बात को साबित कर दिया है।

केजीएफ और कांतारा के बाद हिन्दी भाषी दर्शकों को एक और कन्नड फिल्म अपना दीवाना बनाने आ रही है। यह फिल्म है अभिनेता ध्रुव सरजा की मार्टिन, जिसे निर्माता पैन इंडिया, हिन्दी, कन्नड, मलयालम, तमिल और तेलुगू—में प्रदर्शित करने जा रहा है। आज इस फिल्म का हिन्दी भाषा में टीजर जारी किया गया है, जिसे देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि यह फिल्म हिन्दी भाषी दर्शकों को एक नया अनुभव प्रदान करेगी। यह एक धमाकेदार एक्शन फिल्म है। जिसे निर्माता इसी साल प्रदर्शित करने वाले हैं। इस फिल्म के टीजर को देखने के बाद आप इसके प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार करेंगे।

इतना ही नहीं, मार्टिन के साथ कन्नड फिल्म स्टार किच्चा सुदीप, संदीप किशन और श्रिया सरन स्टारर फिल्म कब्जा भी जल्दी ही हिंदी सिनेमाघरों में धमाका करने की तैयारी कर रही है। ये दोनों ही पैन इंडिया रिलीज फिल्में हैं।



# रुबीना दिलैक ने रिवीलिंग ब्रा पहने फ्लॉन्ट किया हाई क्लीवेज, कैमरे के सामने झुक-झुक कर दिए हॉट पोज

टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से एक बार फिर से इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में रुबीना दिलैक की बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही है। एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रुबीना दिलैक ने ब्रा के साथ इतनी छोटी स्कर्ट पहनी हुई है जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने अपनी इन तस्वीरों में कैमरे के सामने झुकझुक कर पोज दिए हैं। ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अभिनेत्री के इस लुक को देख कर फैंस की आखें फटी की फटी रह गई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में रुबीना अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करते दिखीं।

## सोनू के टीटू की स्वीटी ने पूरे किए पांच साल

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की नवीनतम फिल्म शहजादा 17 फरवरी को रिलीज हुई है। उन्होंने अपनी फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी की पांचवीं वर्षगांठ पर एक नजर डाली है। अभिनेता ने इस अवसर पर एक प्यारा सा थ्रोबैक साझा किया। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर गुरुवार को सोनू के टीटू की स्वीटी का क्लाइमेक्स सीन साझा किया और इसके पांच साल पूरे होने पर फिल्म के बेहद लोकप्रिय दोस्ती गीत तेरा यार हूं मैं की एक झलक भी साझा की।

उन्होंने फिल्म की यादों को ताजा करते हुए कैप्शन में लिखा, 5 साल पहले यह दिन फ्रेंडशिप डे में बदल गया था और सोनू हमारी जिंदगी का एक अविभाज्य हिस्सा बन गया।

## इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म के नाम का हुआ खुलासा, शूटिंग शुरू

सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। अब उनकी पहली फिल्म के नाम का खुलासा हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इब्राहिम की पहली फिल्म सरजमीन नाम से रिलीज होगी। हालांकि, आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। इब्राहिम 20 फरवरी को अपने पहले शूट के लिए कुल्लू-मनाली के लिए रवाना हुए थे। इस फिल्म की कहानी कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ और सुरक्षाबलों पर आधारित होगी।

इब्राहिम की पहली फिल्म में उनके साथ काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे का ट्रेलर रिलीज, अपने बच्चों के लिए देश से भिड़ गईं रानी

मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे पिछले काफी समय से चर्चा में है। फिल्म इसलिए भी सुर्खियों में है, क्योंकि इसकी अभिनेत्री रानी मुखर्जी हैं। फिल्म असल कहानी से प्रेरित है, ऐसे में दर्शक इसे लेकर उत्साहित हैं। रानी ने भी इसे अपने करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म बताया है। काफी समय से दर्शकों को इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।

ट्रेलर की शुरुआत नॉर्वे से होती है, जहां रानी के पति नौकरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं शुभ और सुचि। रानी बच्चों को लेकर कोलकाता छोड़ नॉर्वे में अपनी दुनिया बसाती हैं, लेकिन उनकी दुनिया तब उजड़ जाती है, जब नॉर्वे के चाइल्ड वेल्फेयर एक्ट के तहत उनके दोनों बच्चे उनसे छीन लिए जाते हैं। इसके बाद शुरू होती है रानी की देश के खिलाफ अपने बच्चों को वापस लाने की जंग। फिल्म के दृश्य भावुक करने वाले हैं।

इस साल गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया था। इसी के साथ इसकी नई रिलीज डेट की घोषणा हुई थी। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस की तरफ से इंस्टाग्राम पर किए गए पोस्ट में लिखा गया था, सरस्वती पूजा के अवसर पर पेश है मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे से रानी की नई झलक। अब यह फिल्म 17 मार्च, 2023 को रिलीज हो रही है। इसका निर्देशन आशिमा छिब्बर ने किया है।

कुछ दिन पहले इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ था, जिसके बाद दर्शकों की उत्सुकता इसे लेकर और बढ़ गई थी। पोस्टर में रानी एक साहसी महिला के रूप में नजर आई थीं। वह एक बच्चे को गोद में उठाए नजर आईं तो वहीं दूसरा बच्चा उनके पास खड़ा हुआ दिखा। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी ट्विटर पर इसका मोशन पोस्टर शेयर किया था और यह भी बताया था कि फिल्म का ट्रेलर 23 फरवरी को रिलीज होगा।

फिल्म नॉर्वे में रह रहे भारतीय मूल के दंपत्ति अनुरूप और सागरिका भट्टाचार्य के मामले पर आधारित होगी, जिनके तीन और एक साल के बच्चों को उनसे अलग कर दिया गया था। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबको हिलाकर रख दिया था। इसकी कहानी सागरिका की नॉर्वेजियन चाइल्ड वेलफेयर सर्विसेज से अपने बच्चों को वापस लाने के 10 साल के संघर्ष और लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। इस दर्दनाक लड़ाई को रानी इस फिल्म में दिखाने वाली हैं।

रानी ने राजा की आएगी बारात से बॉलीवुड में पदार्पण किया था। इसके बाद गुलाम, कुछ कुछ होता है, हेलो ब्रदर, बिछू, चोरी चोरी चुपके चुपके और नायक जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया। ब्लैक, वीर-जारा, नो वन किल्ड जेसिका, मर्दानी और हिचकी में भी उनकी तारीफ हुई। रानी की पिछली फिल्म बंटी और बबली 2 थी। यह बंटी और बबली का सीक्वल था। इसमें भी रानी का पुराना स्वैग और नया कलेवर दर्शकों को पसंद आया।

अगर आप रानी को पर्दे पर देखना पसंद करते हैं तो आप उनकी कई फिल्मों का लुत्फ घर बैठे-बैठे उठा सकते हैं। उनकी फिल्म मर्दानी और हम तुम प्राइम वीडियो पर तो नो वन किल्ड जेस्सिका, तलाश और कभी अलविदा न कहना नेटफ्लिक्स पर हैं।